दिनांक 05.12.2024 समय: 2.10 PM

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भो□ाल

# दोपहर समाचार

**प्रधानमंत्री दिल्ली परियोजनाएं**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दिल्ली में 12 हज़ार दो सौ करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास कर रहे हैं। इसके साथ ही साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच लगभग 4 हज़ार छह सौ करोड़ की लागत से बने दिल्ली–गाजियाबाद–मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर के खण्ड का उद्‌घाटन भी हो रहा है। श्री मोदी ने साहिबाबाद स्टेशन से न्यू अशोक नगर स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा की। इस दौरान उन्होंने छात्र छात्राओं से बातचीत भी की। इसस पहले प्रधानमंत्री ने कहा है कि आज दिल्ली– राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार दिल्ली में क्षेत्रीय सम्पर्क का विस्तार करने और यात्रा को सुगम बनाने के प्रति वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोग अब ऐसी सरकार चाहते हैं जो राष्ट्रीय राजधानी के सर्वांगीण विकास के साथ–साथ लोगों के कल्याण के प्रति पूरी तरह समर्पित हो।

**सीएम उज्जैन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत व्यावसायिक पाठ्यक्रम 'डेयरी टेक्नोलॉजी' के संदर्भ में आयोजित संगोष्ठी में भाग लिया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि मध्यप्रदेश सरकार नवाचारों के माध्यम से विकसित मध्यप्रदेश–समृद्ध मध्यप्रदेश का स्वर्णिम अध्याय लिख रही है। डेयरी टेक्नोलॉजी युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन करती है। आज मध्य प्रदेश दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, निश्चित ही दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने में 'डेयरी टेक्नोलॉजी' प्रभावकारी सिद्ध होगी।

**डेटा नियम**

सरकार ने कहा है कि मसौदा डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियमों का उद्देश्य लोगों के निजी डेटा का संरक्षण करना है। डिजिटल निजी डेटा के संरक्षण के लिए एक मजबूत रूपरेखा तैयार करने की भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप इन नियमों के माध्यम से डिजिटल निजी डेटा संरक्षण अधिनियम –2023 लागू किया जाएगा। तेजी से डिजिटल होती अर्थव्यवस्था में विनियमन और नवाचार के बीच सही संतुलन बनाते हुए अधिनियम के अनुसार नागरिकों के अधिकारों का संरक्षण करना इन नियमों का लक्ष्य है। नियमों में डेटा के अनधिकृत व्यावसायिक इस्तेमाल, डिजिटल नुकसान और निजी डेटा में सेंध लगाने जैसी चुनौतियों से निपटने का भी प्रावधान है।

कानून बनाने में समावेशी दृष्टिकोण अपनाने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुसार इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने माई जीओवी प्लेटफार्म के माध्यम से अगले महीने की 18 तारीख तक इस बारे में आम लोगों और हितधारकों की राय मांगी है।

**मौसम**

प्रदेश में तेज ठंड का एक और दौर 7 जनवरी से शुरू होगा। प्रदेश के उत्तर–पश्चिमी हिस्से में एक सिस्टम एक्टिव हुआ है, जिसका असर दो दिन बाद दिखेगा। मौसम विभाग के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टरबेंस की एक्टिविटी से उत्तर से बर्फीली हवाएं चलेंगी ये ठंड का असर बढ़ाएंगी। जिससे दिन–रात दोनों के तापमान में गिरावट होगी। विभाग के अनुसार आज ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, छतरपुर, सतना, रीवा, मऊगंज और सिंगरौली में कोहरा रहेगा। नीमच, मंदसौर, गुना, अशोकनगर, मैहर, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़ और सीधी में मध्यम कोहरा रहने का अनुमान है।

**क्रिकेट**

सिडनी में ऑस्ट्रेलिया ने पांचवें और अंतिम क्रिकेट टैस्ट मैच में भारत को छह विकेट से हराकर बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी तीन–एक से जीत ली है। आज तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने जीत के लिए 162 रन का लक्ष्य चार विकेट खोकर हासिल कर लिया।

इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया की टीम आई सी सी विश्व टैस्ट चैम्पियनशिप 2023–2025 के लिए क्वालिफाई कर गई है। फाइनल में, इस वर्ष जून में, ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में आयोजित 'रन फॉर गुड हेल्थ' मैराथन को हरी झंडी दिखाई और राहगीरी आनंद उत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा सुबह भ्रमण अवश्य करें, योग करें। स्वस्थ जीवन ही सबसे बड़ा सुख है।

इन्दौर के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नन्दानगर में आज रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में लगभग 500 से अधिक विभिन्न पदों प्रारम्भिक रूप से चयन किया जा रहा है।

पन्ना जिले मे किसानों के लिए फसल बीमा योजना की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 10 जनवरी कर दिया गया है।

खंडवा में गुरु गोबिन्द जी महाराज का 358 वाँ प्रकाश उत्सव 26 दिसंबर से 6 जनवरी तक गुरुद्वारा कलगिधर साहेब आनंद नगर में बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

............................